सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-43
23/01/2018

मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी परिषद की बैठक संपन्न

पटना, 23 जनवरी 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 1 अणे मार्ग में मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी परिषद की 17वीं बैठक सम्पन्न हुयी। मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की बैठक में मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं चर्चा के क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा यह निर्देश दिया गया कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों के लिये आश्रय स्थल निर्माण का कार्य अब से आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से कराया जाय। बैठक में 16वीं न्यासी परिषद की बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की भी समीक्षा की गयी।

बैठक में आपदा प्रबंधन मंत्री श्री दिनेश चन्द्र यादव, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, प्रधान सचिव वित श्रीमती सुजाता चतुर्वेदी, प्रधान सचिव शिक्षा एवं स्वास्थ्य श्री आर0के0 महाजन, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

****